हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 02 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा सरकार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में पेपर परीक्षा केंद्र से बाहर जाने के मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में अभी तक दोषी पाए गए 25 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें चार उप पुलिस अधीक्षक और तीन थाना प्रभारी शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल देर शाम पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया--

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी जाँच जारी है। सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को कड़े आदेश जारी करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि परीक्षा केंद्र के समीप 500 मीटर के घेरे तक कोई व्यक्ति न जाने पाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में कहीं से भी शिकायत आती है तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी इसका जिम्मेदार होगा।

*****************************************************************

हरियाणा में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्वक जारी है। मतदान आज सुबह 8 बजे शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से अधिक से अधिक मतदान कर अच्छी स्थानीय सरकार चुनने का आह्वान किया। बी.जे.पी की महापौर पद की प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का दावा किया। फरीदाबाद और रोहतक मेंशुरू में मतदान धीमा रहा लेकिन अब लोग बड़ी संख्या में मतदान के लिए आ रहे हैं। विभिन्न स्थानों से 12 बजे तक 19 से 35 प्रतिशत तक मतदान

होने की खबर है। कुरुक्षेत्र से हमारी पत्रकार ने बताया है कि 12 बजे तक इस्माइलाबाद में 30 प्रतिशत, थानेसर में 19 प्रतिशत मतदान हुआ।

*************************************************************

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिले सहित अन्य जिलों में ओलावृष्टि से किसानों की फसल को हुए नुकसान पर कहा है कि किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है हरियाणा सरकार जल्द गिरदावरी कर किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी। श्री राव ने कहा कि उन्होंने संबंधित जिलों के उपायुक्तों को जल्द से जल्द गिरदावरी कर सरकार को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। उधर शाहाबाद के गांव कलसानी में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बरसात और ओलावृष्टि के कारण कुछ क्षेत्रो में फसलों का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूरा मंत्रिमंडल किसानों के साथ है, विशेष गिरदावरी करवा कर किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जाएगा।

*************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कल देर शाम पंचकूला के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति की बदौलत हरियाणा न केवल बड़े-बड़े खेलों की मेजबानी कर रहा है बल्कि इसने देश एवं विदेश में भी विश्व स्तर पर पदक जीत कर खेलों में अपनी विशेष पहचान कायम की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा --

चैंपियनशिप के पहले दिन हुए मुकाबले में तेलंगाना ने राजस्थान को 3-1 से हराया। इसके अलावा उत्तराखंड ने बिहार को 3-0, दिल्ली ने चंडीगढ़ को 4-1, छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 5-1, केरल ने गुजरात को 10 -1 तथा आंध्र प्रदेश ने अरुणाचल को 9-0 से हराया।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट नामित करने और इसकी सूची रिकार्ड के लिए कल मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाने का आह्वान किया है। श्री पंकज अग्रवाल ने कल इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने हाल में ही सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि वे अपने-अपने राज्यों में राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट, पोलिंग स्टेशनवार नियुक्त करवाएं और इसका रिकार्ड भी सुरक्षित रखें। श्री अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है।

*************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************